प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 07.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित, कहा– सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत।
2. जीएसटी घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, रांची और जमशेदपुर में नौ ठिकानों पर एक साथ छापेमारी, खंगाले जा रहे हैं जरुरी दस्तावेज और डिजिटल रिकार्ड।
3. धनबाद के कुख्यात अपराधी को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने प्रयागराज में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया, झारखंड पुलिस को थी लंबे समय से तलाश।
4. गढ़वा जिले में रक्षाबंधन से पूर्व मिलावटी मिठाइयों के खिलाफ छापेमारी अभियान तेज, प्लास्टिक की एक दुकान से 52 क्विंटल नकली मिठाइयां जब्त।
5. राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर गोड्डा में विशेष कार्यशाला आयोजित, बुनकरों को दिया गया प्रशिक्षण, केन्द्र सरकार की योजनाओं की भी दी गयी जानकारी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज सुबह 750 करोड़ रूपये के जीएसटी घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केन्द्रीय जांच एजेंसी की टीम रांची और जमशेदपुर के नौ ठिकानों के अलावा कोलकाता और मुंबई में भी छापेमारी कर रही है। रांची में एक साथ 6 अलग–अलग ठिकानों पर यह छापेमारी हुई है। पीपी कंपाउंड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर पर एक फ्लैट के अलावा अन्य पांच जगहों पर यह छापेमारी की जा रही है। ईडी की टीम जरूरी दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य सबूत खंगाल रही है।

*******************

उधर, जमशेदपुर में भी ईडी ने दबिश दी है। व्यवसायी ज्ञानचंद जयसवाल उर्फ बबलू जयसवाल के तीन ठिकानों पर ईडी की छापेमारी की जा रही है। सूत्रों की माने तो भारी मात्रा में कागजात, जेवरात और बैंक पासबुक बरामद किए गए हैं। फिलहाल ईडी की कार्रवाई जारी है।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने खूंटी जिले में बाइपास निर्माण में हो रही देरी पर राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये हैं। खूंटी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि खूंटी बायपास के मुद्दे पर निष्क्रिय हैं।

*******************

धनबाद का कुख्यात अपराधी और दर्जनों संगीन मामलों में वांछित आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने प्रयागराज में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया है। छोटू सिंह पर हत्या, रंगदारी, हथियार तस्करी और गैंगवार से जुड़े कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। झारखंड पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में थी। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश एसटीएफ को उसके प्रयागराज में छिपे होने की सूचना मिली थी। कल रात उसे पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई। खुद को घिरा देख छोटू ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल छोटू को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। उसके पास से एक एके–47 राइफल और 9 एमएम की पिस्टल बरामद हुई है।

*******************

गढ़वा जिले में रक्षाबंधन के पूर्व नकली और मिलावटी मिठाइयों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। एसडीएम संजय कुमार ने मेन रोड की एक प्लास्टिक दुकान से लगभग 52 क्विंटल नकली मिठाइयां जब्त की है। जांच में इसके नकली होने की पुष्टि हुई है। एसडीएम ने पत्रकारों को बताया कि मिठाई के नाम पर जहर बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से भी सतर्कता बरतने की अपील की।

********************

खूंटी जिले में खेती–किसानी के जरिये ग्रामीण महिलाएं आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ रही हैं। ऐसी ही एक महिला किसान हैं सुनीता देवी, जिन्होंने कृषि कार्य से आर्थिक सशक्तीकरण की मिसाल पेश की है।

********************

आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस है। इस मौके पर झारखंड समेत देश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में गोड्डा जिले के भगेया स्थित शहीद निर्मल महतो बुनकर भवन के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक रमाकांत चतुर्वेदी ने किया। मौके पर झारक्राफ्ट के कलस्टर प्रबंधक राजकुमार, मुखिया इग्नासिस मुर्मू समेत बड़ी संख्या में स्थानीय बुनकर शामिल हुए। मौके पर महाप्रबंधक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बुनकरों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देना है।

********************

अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद आज शेयर बजार में गिरावट दर्ज हुई। सेंसेक्स 453 अंक गिरकर अस्सी हजार 90 पर जबकि निफ्टी 150 अंक गिरकर 24 हजार 424 पर कारोबार कर रहा था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार 4 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 19 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और चतरा में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं धनबाद, बोकारो समेत 9 जिलों में भी बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची में भी आज दोपहर बाद बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

********************

राज्य के स्कूली छात्र–छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा चीन के शांगूल में चार से 13 दिसंबर तक आयोजित होने वाली वालीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए झारखंड की अंडर 15 बालक–बालिकाओं की टीम का चयन किया जायेगा।

**************